



# पेट्रोल पंपों पर लगी भारी भीड़, किसान सहित आमजन परेशान

▸ ग्रामीण क्षेत्रो में संचालक मनमानी करते हुए कभी भी कर देते हैं पंप बंद

**घट्टिया।** विगत कई दिनों से पेट्रोल व डीज़ल आपूर्ति की अफवाहो के बीच मंगलवार को क्षेत्र में अधिकांश पेट्रोल पंप पर डीज़ल व पेट्रोल नहीं मिला। उज्जैन आगर रोड पर जैथल टेक, नजरपुर, घट्टिया, 17 मिल सहित आसपास के क्षेत्र में पेट्रोल व डीज़ल नहीं मिल रहा था। जिससे लोगों में आपूर्ति को लेकर भय व्याप्त हो गया व लोग परेशान हुए। युद्ध व डीज़ल पेट्रोल में मूल्य वृद्धि की अफवाहों सहित अन्य कारणों के चलते पंपों पर भारी भीड़ देखने को मिली। वर्तमान में कृषि कार्य में फसल कटाई का कार्य भी चल रहा है एसे में पेट्रोल डीज़ल नहीं मिलने से किसान व आमजन परेशान होते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में वेसे ही पम्प कम होते हैं। ऐसे में सामान्य दिनों में भी अधिकांश समय पम्प संचालक मनमानी करते हुए मूल्य वृद्धि के चलते पम्प बंद कर देते हैं या अपनी मनमानी अनुसार दिन में कई बार पम्प संचालन बंद कर देते हैं। वहीं प्रशासन सहित खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग इस ओर ध्यान न देते हुए जनसामान्य की परेशानियों से अनभिज्ञ रहते हैं। युद्ध व अन्य कारणों को लेकर भी ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल डीज़ल की किल्लत को लेकर अफवाहों का दौर चल रहा है। जिससे भी पंपों पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में पंप संचालक अपनी मनमानी करते हुए मांग से कम पेट्रोल व डीज़ल (टू व्हीलर में केवल 200 रुपये का व फोर व्हीलर में 500 रुपये) का ही दे रहे हैं व इसका कारण पूछने पर ऊपर से ऑर्डर आना या माल वाहक वाहन नहीं आने से माल कम मिलना कारण बताते हैं।

हमारे प्रतिनिधि ने एसडीएम राजाराम से चर्चा करने पर एसडीएम ने कहा कि पेट्रोल व डीज़ल की कोई कमी नहीं है। अफवाहों के चलते स्थिति हुई व दिन में कुछ समय के लिए क्षेत्र में पम्प बंद रहे थे। लेकिन पुन: व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है व पेट्रोल डीज़ल सामान्य रूप से मिल रहा रहा है। मेरी नागरिकों से अपील है कि वे किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन लगातार इस ओर नजर बनाए हुए है, किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले या अराजकता करने वाले पर उचित कार्रवाई की जाएगी।





## महिदपुर में विकासखण्ड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**महिदपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय मॉडल उ.मा.वि. महिदपुर में विकासखण्ड स्तरीय जादू नहीं विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. उदय सिंह चौहान रहे।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिदपुर विकासखण्ड के समस्त हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी विद्यालय से विज्ञान शिक्षक एवं सहभागी विद्यार्थियों ने उपस्थिति दी। विद्यार्थियों ने प्रयोग के माध्यम से अंधविश्वास, जादू टोना पर आधारित भ्रांतियों को मिटाने हेतु विज्ञानिक तथ्य प्रस्तुत किये। जैसे पीलिया उतारना, नजर उतारना, बिना माचिस के आग लगाना आदि। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर सोनी प्राचार्य ने की। कार्यक्रम समन्वयक का कार्य आनंद पंचोली, राम स्वरूप अहिरवार एवं अनुपम त्रिवेदी ने किया। संचालन राजेश कमलकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त मॉडल स्टॉफ द्वारा किया गया।

## एक नजर में

### भगवान का पंचामृत अभिषेक कर मुख्यमंत्री के लिए दीर्घायु की कामना की



**उज्जैन।** गोला मंडी स्थित 84 महादेव मंदिरों में से 60वें क्रमांक के प्राचीन श्री गऊ मतंगेश्वर महादेव मंदिर है जहां पर रोहित मित्तल मित्र मंडल द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्री गऊ मतंगेश्वर महादेव का पंचामृत अभिषेक कर मुख्यमंत्री के लिए दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निशान यादव उपस्थित रहे। रोहित मित्तल ने बताया कि गोला मंडी में श्री गऊ मतंगेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है जो अत्यंत धार्मिक महत्व रखता है। मान्यता है कि यहां भगवान को एक लोटा जल अर्पित करने से एक गाय दान के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। इसी आस्था के चलते मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर भगवान के समक्ष उनकी तस्वीर रखकर पंचामृत अभिषेक एवं जल अर्पण कर प्रदेश की समृद्धि एवं मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। निशान यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रतिदिन अपने दिन की शुरुआत गौ माता की सेवा से करते हैं। जन्मदिन पर भी मुख्यमंत्री ने गौ सेवा कर दिन की शुरुआत की, जो उनके संस्कारों को दर्शाता है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मध्य प्रदेश और विशेष रूप से उज्जैन में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। यह सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हों तथा वर्ष 2028 में सिंहस्थ कुंभ ऐतिहासिक रूप से सफल हो ऐसी कामना भगवान का पूजन कर की है। इस मौके पर संजय अग्रवाल, कमल कोठारी, दीपक कोठारी, राजकुमार मिश्रा, सोनू मालवीय, सुनील बैरागी, रवि दरबार, पंकज धनोतिया, श्याम शर्मा, रूपेश जैन, कुणाल मालवीय, अजय राय, हीरालाल जैन आदि मंदिर पर सेवा देने वाले लोग उपस्थित थे।

### सुख, समृद्धि, शांति एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए 15 दिवसीय पदयात्रा निकालीं



**उज्जैन।** जिला ग्वालियर की भितरवार विधानसभा क्षेत्र स्थित श्री धूवेश्वर धाम से उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर तक निकाली गई पैदल यात्रा का बुधवार को उज्जैन आगमन हुआ। यह यात्रा श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर अनिरुद्धवन महाराज के सान्निध्य में आयोजित की गई। करीब 15 दिनों से लगातार चल रही इस पदयात्रा का उद्देश्य देश में सुख, समृद्धि, शांति एवं सनातन धर्म की रक्षा का संदेश देना रहा। यात्रा के उज्जैन पहुंचने पर नीलगंगा चौराहे पर ज्ञानेश्वरी ग्रुप द्वारा रुपेश शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया और गुरुजी का आशीर्वाद लिया एवं यात्रा में शामिल भक्तों के लिए शरबत व मिठाई का वितरण भी किया गया। यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे, वहीं दूसरी ओर युवा भजनों की धुन पर झूमते और नाचते हुए नजर आए। रुपेश शर्मा ने कहा कि यह उज्जैन के लिए गर्व का विषय है कि गुरुजी स्वयं ग्वालियर से पैदल यात्रा करते हुए महाकाल की नगरी पहुंचे हैं। यात्रा के माध्यम से समाज में धर्म, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया जा रहा है। महामण्डलेश्वर स्वामी अनिरुद्धवन महाराज ने कहा कि इस यात्रा के दौरान जिस प्रकार लोगों का उत्साह और सहभागिता देखने को मिली, उससे स्पष्ट है कि यह केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की यात्रा बन गई। उन्होंने कहा कि हर कुछ किलोमीटर पर श्रद्धालु स्वयं जुड़ते गए और यात्रा जन-जन की आस्था का प्रतीक बन गई। इस पदयात्रा का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता फैलाना भी है। महाकाल मंदिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर ने भगवान महाकाल से देश की सुख-समृद्धि, शांति और धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर पं. ध्रुव नारायण शास्त्री, रूपेश शर्मा, अमन मुद्गल, सौरभ तिलवे, संदीप हिरवै, संदीप कुशवाह, कुलदीप दरबार, आकाश माली, राहुल सूर्यवंशी, करीम खान, रवि पोरवाल आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### ओमप्रकाश मोहने बने भाजपा अजा मोर्चा के संभाग प्रभारी

**उज्जैन।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गुरु रविदास विश्व महापीठ भारत के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का इंदौर संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल की सहमति और मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य की अनुशंसा पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा की गई है। सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद मध्य प्रदेश के महासचिव रमेश चंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि नवीन दायित्व मिलने के पश्चात ओमप्रकाश मोहने ने मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार से उनके सांवेर स्थित निज निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मोहने का साफा बांधकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर और उज्जैन के राजा बाबा महाकाल के पावन दुपट्टे से आत्मीय स्वागत किया गया। मोहने ने इस जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों एवं समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा भी हुई।

# मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं : बंबोरिया

**खाचरौद। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन खाचरौद नगर के वार्ड क्रमांक 8 में भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया एवं क्षेत्र की भाजपा पार्षद गोदावरी बंबोरिया द्वारा सेवा संकल्प के दिवस के रूप में मनाया गया।**





इस अवसर पर भाजपा नेता बंबोरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की उन्नति एवं विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। उनके आर्थिक विजन से प्रदेश को विकास की रफ्तार को एक नई गति मिली है। जिसके कारण प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। इसी इस प्रकार प्रदेश के सभी वर्गों की भलाई एवं कल्याण के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है। जिनका फायदा पूरे प्रदेश की जनता उठा रही है। क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मकानों का भूमि पूजन कर उनके पक्के मकान निर्माण के कार्य का शुभारंभ कर गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री के जन्मदिन के पर महत्वपूर्ण सौगाते प्रदान की गई। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 8 की आंगनवाड़ी केंद्र पर एजुकेशन सेरेमनी का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर शासन की योजना की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हितग्राहियों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी संचालिका किरण भाटी, सहायिका वर्षा यादव, लक्ष्मीनारायण किलोरिया, मोहनलाल सरा, नंदकिशोर किलोरिया, रामगोपाल राठौड़, मदनलाल किलोरिया, लक्ष्मी नारायण संगीतला, मुकेश वरवनिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

# विश्व क्षय दिवस पर टीबी मुक्त भारत का संकल्प

**बड़नगर। स्थानीय सिविल हॉस्पिटल में विश्व क्षय (टीबी) दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुयश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने टीबी के उन्मूलन और जन जागरूकता पर जोर दिया।**



कार्यशाला को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. गुलाम नबी ने जनता से भारत को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है, यदि समय पर इसकी पहचान कर उपचार शुरू कर दिया जाए, तो मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. सुयश श्रीवास्तव ने बताया कि दवाइयों के साथ-साथ मरीज का पोषण आहार रिकवरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं, एसटीएस जगदीश अजमेरी ने भारत को टीबी मुक्त बनाने की सरकारी अवधारणा और प्रयासों को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. पल्लवी सोलंकी, डॉ. वंदना डावर, डॉ. जयती भंडारी, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, बीई दिनेश कुमार पंचोली, टीबीएचवी किरण वर्मा, जगदीश परमार और विजय कटारिया उपस्थित थे। नर्सिंग स्टाफ से देव कुंवर कनाश, साक्षी पाटील, मधु सेन सहित अस्पताल के अन्य कर्मचारी व बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। यह जानकारी फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा द्वारा साझा की गई।

# आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य अभियान के रूप में शुरू

**खाचरौद। जलगंगा अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा 19 मार्च को इंदौर से किया गया। यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जाएगा। जिसमें आमजन को अभियान से जोड़कर जलसंरक्षण पर फोकस किया जायेगा। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के निर्देशन में जोर शोर से अभियान चलाया जा रहा है।**





जनसहयोग से प्राचीन जल संरचनाओं की गाद निकालना, चेकडेम स्टॉपडेम की मरम्मत, नवीन जलसंरचनाओं का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, ब्लॉक प्लांटेशन, पुराने अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करवाया जाएगा। इस अभियान के दौरान ब्लॉक में चिन्हित आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य शुरू हो गए हैं। जिसके तहत बारिश में आंगनवाड़ी भवन की छत का पूरा पानी संरक्षित किया जाएगा। अभी प्रारंभिक तौर पर समस्त आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग करवाया जा रहा है। तत्पश्चात अन्य शासकीय भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग कराने की योजना है।

**वाटर हार्वेस्टिंग के मुख्य लाभ**–भूजल रिचार्ज–गिरते भूजल स्तर को रोकने में मदद करता है।

पानी की सुरक्षा–गर्मियों या सूखे के समय पानी उपलब्ध कराता है।

लागत प्रभावी–पीने और घरेलू उपयोग के लिए पानी का एक किफायती स्रोत है।

फसलों के लिए उत्तम–वर्षा के पानी का टीडीएस और पीएच स्तर फसल उत्पादन के लिए बेहतरीन होता है।

खाचरौद जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि वर्तमान में खाचरौद जनपद में 55 आंगनवाड़ियों में वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य प्रगतिरत है। जिसका उद्देश्य बरसात की एक एक बूंद बचाने का प्रयास है। उन्होंने आमजनों से भी अपील है कि वे अपने अपने घरों में भी वाटर हार्वेस्टिंग जरूर करवाएं। विशेषकर नवनिर्मित भवनों में अनिवार्यत: वाटर हार्वेस्टिंग किया जाना चाहिए। इसकी लागत सामान्यत: 20-30 हजार के मध्य आती है।

# तरुण खटीक की निर्मम हत्या से आक्रोश

▸ दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बड़नगर। सर्व हिंदू समाज, क्षत्रिय खटीक समाज कल्याण संघ, क्षत्रिय मालवा खटीक सेना मध्य प्रदेश एवं अखिल भारतीय खटीक समाज संघ के संयुक्त बैनर तले तहसील कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार रुपाली जैन को सौंपा।**

ज्ञापन में दिल्ली के उत्तमनगर क्षेत्र में होली के दिन युवक तरुण खटीक की निर्मम हत्या के मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई।

ज्ञापन का वाचन सर्व हिंदू समाज की ओर से ओमप्रकाश व्यास क्षत्रिय खटीक समाज कल्याण संघ, क्षत्रिय मालवा खटीक सेना मध्य प्रदेश एवं अखिल भारतीय खटीक समाज की ओर से संयुक्त ज्ञापन का वाचन समाज के अध्यक्ष पूनमचंद कायस्थ ने किया। ज्ञापन के वाचन में कायस्थ ने बताया है कि होली जैसे पावन पर्व पर दिल्ली के उत्तम नगर में तरुण खटीक की हत्या के इस जघन्य घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि इस अमानवीय कृत्य की समाज कड़ी निंदा करता है।

आरोपियों की अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई करते हुए सख्त दंडात्मक कदम उठाए जाए। इस दौरान सर्व हिंदू समाज की ओर से संतोष बगैरवाल, हरि गोविंद मेलवानी, सांवरिया शर्मा, रामनिवास निहाल, जगदीश मेघवंशी, हुकम चंद वर्मा, राजेश गोसर, मनीष रेशमिया, अखिलेश पाठक, दिनेश पंचोली, प्रेम प्रकाश पड्या, संदीप यादव, कन्हैयालाल बर्फाना, संदीप प्रजापत, हीरालाल चौहान, शेर सिंह झाला, भीम सिंह डोबरिया, दशरथ सिंह पंड्या तथा खटीक समाज की ओर से प्रेम कुमार खींची चंदरलाल भारती, अशोक चंदेल, विनायक चंदेल, अशोक कोहली, गणेश कोहली, मांगीलाल कोहली, पवन कोहली, रमेश कोहली, पंकज कोहली, पवन कोहली सहित सर्व हिन्दू समाज खटीक समाज के सदस्य उपस्थित थे।



# विधायक पण्ड्या ने ग्राम पंचायतों में टैंकर वितरित किए

**बड़नगर। विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत परिसर में क्षेत्र के विधायक जितेन्द्र उदयसिह पण्ड्या द्वारा 7 लाख 96 हजार 60 रुपये की लागत से 5 ग्राम पंचायतो में टेंकर वितरण किये गये। जिसमे ग्राम पंचायत दांतरवा, बडगारा, रणावदा, मिण्डका, कंजड़ को पेयजल संकट से राहत दिलाने हेतु टेंकर उपलब्ध कराये गये। जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी पहली प्राथमिकता है।**

क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत तक समय पर पेयजल पहुंचे इसके लिए सतत प्रयास जारी है। जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, गोरधनसिंह पटेल, भैरुलाल पण्ड्या, अध्यक्षद्वय महेश हारोड़, नवीन राठौड़, सरपंच संघ अध्यक्ष मनोहर गुर्जर, सरपंच देवेन्द्रसिंह राणावत, सरपंच प्रतिनिधि इकबाल पटेल, महेन्द्रसिंह राठौर, विजयसिंह, ईश्वरलाल, मिश्रीलाल मिण्डका, भरतदास बैरागी गोपाल चैधरी, राहुल यादव, लोकेन्द्रसिंह पंवार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### माधव कॉलेज में जल और लैंगिक विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# जल संरक्षण का अभिप्राय प्रकृति का संरक्षण है : प्रो. व्यास

**उज्जैन। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के भूगोल विभाग में विश्व जल दिवस के अंतर्गत जल और लैंगिक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**



**प्रकृति और जल संरक्षण पर जोर**–भूगोल विभाग एवं प्रकृति शोध संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें उदयपुर के विषय विशेषज्ञ व भूगोलविद् प्रो. पीआर व्यास ने प्रकृति के संरक्षण, पंचतत्व का संरक्षण, बड़े शहरों के निर्माण और प्रति व्यक्ति जल की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वर्तमान में मानव द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण तथा प्लास्टिक से जमीन, नदी, वातावरण, मिट्टी और जल के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

प्रो. व्यास ने कहा कि मां गंगा का जल अमृत के समान है, परंतु हमें क्षिप्रा मैया के जल को प्रदूषण मुक्त करने हेतु अभियान चलाने की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कहते हुए जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही प्रकृति को सुरक्षित रखने और कृषि में ऑर्गेनिक फार्मिंग का उपयोग करने पर बल देते हुए उद्योगों के दूषित जल को नदियों में प्रवाहित न करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण का अभिप्राय ही प्रकृति का संरक्षण है।

**भारतीय संस्कृति का अटूट अंग है जल**–कार्यशाला में मध्य प्रदेश सामाजिक शोध संस्थान के एमेरिटस प्राध्यापक प्रो. वायजी जोशी ने जल को भारतीय संस्कृति का अटूट अंग बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में सभी तीर्थ स्थल नदियों के किनारे बसे हुए हैं। इस्लाम में रोज़े को मानव शरीर के मरुस्थल में जीवन के अनुकूलन से जोड़ते हुए उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. जोशी ने बताया कि सभी धर्मों के पर्वों में प्रकृति के माध्यम से जल संरक्षण की शिक्षा मिलती है। कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले द्वारा किया गया। अतिथि परिचय डॉ. नूतन पंवार ने दिया, जबकि संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. गणेश राठौड़ ने व्यक्त किया। कार्यशाला में शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमिला बघेल विशेष रूप से उपस्थित थीं।